भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 41
जिसका उत्तर बुधवार 16 नवंबर, 2016 को दिया जाना है

घाटे में चल रही सीमेन्ट विनिर्माण इकाइयां

41. श्री डा. आर. लक्ष्मणन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1965 में प्रारंभ हुए सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई सीमेन्ट फैक्ट्रियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की तिथि तक लाभ अर्जित करने वाली इकाइयों के रूप में कार्य कर रही सीमेन्ट विनिर्माण इकाइयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या लगातार हानि होने/लाभ नहीं होने के कारण पूर्व में किसी विनिर्माण इकाई/इकाइयों को बंद किया गया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तमिलनाडु राज्य में किसी सीमेन्ट विनिर्माण इकाई को स्थापित करने के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव लंबित है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): अपने प्रारंभ से सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित की गई सीमेन्ट फैक्ट्रियों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नवत है:-

क्र. सं.	**इकाई**	**चालू होने का वर्ष**
1.	छत्तीसगढ़ में मंधार	1970
2.	कर्नाटक में कुरकुंटा	1972
3.	असम में बोकाजन	1977
4.	हिमाचल प्रदेश में राजबन	1980
5.	छत्तीसगढ़ में अकलतारा	1981
6.	हरियाणा में चरखीदादरी	1981
7.	मध्य प्रदेश में नयागांव और नयागांव क्लिंकराइजेशन	1982 1990
8.	आंध्र प्रदेश में येरागुंटला	1982 1998 में मै. आईसीएल को बेच दी गई।
9.	तेलंगाना में आदिलाबाद	1984
10.	तेलंगाना में तांदुर	1987
11.	दिल्ली ग्राइंडिंग यूनिट	1990

(ख): लेखा-परीक्षित आंकड़ों के अनुसार सीसीआई की सभी तीनों प्रचालनरत इकाइयां अर्थात् असम में बोकाजन, हिमाचल प्रदेश में राजबन और तेलंगाना में तांदुर 2015-16 में लाभ में थीं।

(ग) और (घ): विगत में प्रचालन संबंधी हानियों और कार्यशील पूंजी की कमी के वजह से सात अप्रचालनरत इकाइयों का प्रचालन रोक दिया गया था। सीसीआई की स्वीकृत स्कीम (एसएस-06) के अनुसार, सात अप्रचालनरत संयंत्रों की बिक्री की जानी है और उनसे होने वाली आय का उपयोग तीन प्रचालनरत संयंत्रों के उन्नयन के लिए किया जाना है।

सात अप्रचालनरत संयंत्रों का ब्यौरा निम्नवत है:

क्र.सं.	**यूनिट**	**राज्यवार**	**से अप्रचालनरत**
1.	अकलतारा	जांजगीर-चंपा छत्तीसगढ़	09.12.1996
2.	मंधार	छत्तीसगढ़	06.06.1996
3.	आदिलाबाद	तेलंगाना	05.11.1998
4.	नयागांव	मध्य प्रदेश	30.06.1997
5.	चरखीदादरी	हरियाणा	14.08.1996
6.	कुरकुंटा	कर्नाटक	01.11.1998
7.	दिल्ली ग्राइंडिंग यूनिट	नई दिल्ली	08.02.1999

बीआईएफआर के निदेशानुसार, छह अप्रचालनरत संयंत्रों को 31.08.2008 से बंद कर दिया गया था और आदिलाबाद इकाई को माननीय आंध्र प्रदेश न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश की वजह से बंद नहीं किया जा सका था।

(ङ): तमिलनाडु राज्य में कोई सीमेन्ट विनिर्माण इकाई स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(च): प्रश्न नहीं उठता।

****